उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

**सोमवार, 09 कार्तिक, शक संवत्, 1933**
**( दिनांक : 31 अक्टूबर, 2011 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (दिखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. श्री अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 152 (1) के अन्तर्गत पढ़कर सुनायेंगे।

4. प्रमुख सचिव, विधान सभा उत्तराखण्ड पण्डित दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय विधेयक, 2010 को उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 152 (2) के अन्तर्गत पुनर्विचार हेतु लौटाये गये विधेयक को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. प्रमुख सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

(1) उत्तराखण्ड विनियोग (2011-2012 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2011 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 29 सितम्बर, 2011 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 04 अक्टूबर 2011 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2011 का अठ्ठारहवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड विशेष न्यायालय विधेयक, 2011 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 28 सितम्बर, 2011 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 04 अक्टूबर, 2011 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2011 का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार विधेयक, 2011 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 28 सितम्बर, 2011 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 04 अक्टूबर, 2011 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2011 का बीसवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण विधेयक, 2011 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 28 सितम्बर, 2011 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 12 अक्टूबर, 2011 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2011 का इक्कीसवां अधिनियम बन गया।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. श्री जोत सिंह गुनसोला, सदस्य, विधान सभा, ''ग्राम सभा नकरोंदा, वार्ड संख्या- 11 जनपद देहरादून में 250 मीटर सी0सी0 सड़क निर्माण किये जाने संबंधी'' श्री आनन्द सिंह नेगी, निवासी ग्राम नकरौंदा, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल के अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग घनसाली के कोट घण्डियाल सौड़ तितरूणा मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं बरसाती नाले के निर्माण के संबंध में'' श्री पूरन सिंह नेगी, निवासी ग्राम व पो0- थाती बूढ़ाकेदार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोकायुक्त विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

13. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोकायुक्त विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करेंगे।

14. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**''ख''**)

15. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

16. डा0 हरक सिंह रावत, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

> ''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के सीमावर्ती जनपद बिजनौर के 61 ग्राम पंचायतों को उत्तराखण्ड राज्य में शामिल किया जाय।''

17. श्री जोत सिंह गुनसोला, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2011 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

> ''इस सदन का सुविचारित मत है कि संविधान 74 वां संशोधन की मूल भावना के अनुरूप राज्य में नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं नगर निगम में लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन हेतु इन निकायों में विभिन्न संवैधानिक पदों पर निर्धारित प्रक्रियानुसार पदाधिकारियों के निर्वाचन की व्यवस्था करने हेतु सरकार तत्काल कदम उठाये ताकि विकासात्मक कार्यो को जनाकांक्षाओं के अनुरूप समय पर पूर्ण किया जा सके।''

18. काजी निजामुद्दीन, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2011 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में आम आदमी को मंहगाई की मार से राहत देने हेतु डीजल व पैट्रोल पर वैट को घटाया जाये।"

19. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**देहरादून :**
**दिनांक : 31 अक्टूबर, 2011**

**आज्ञा से,**

(डी0 पी0 गैरोला) 30/10/2011
प्रमुख सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### सोमवार, 09 कार्तिक, शक संवत्, 1933

### ( दिनांक : 31 अक्टूबर, 2011 )

## नत्थी "क"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.07.2011 | *1. विधान सभा के प्रथम सत्र, 2011 के लिए पूछे गये उत्तरित अल्प सूचित प्रश्न के क्रम में क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा भवन हेतु स्थान चयन की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है? क्या सरकार विधान सभा का एक सत्र जनपद चमोली के स्थान गैरसैण में आयोजित करने हेतु प्रस्तावित विधान सभा भवन का निर्माण गैरसैण में करवाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राज्य सम्पत्ति |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>05.07.2011 | *2. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>05.07.2011 | *3. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 2009–10 के वित्तीय वर्ष में अन्य राजकोषीय सेवाओं से प्राप्त होने वाली आय की स्थिति विगत वर्ष की तुलना में क्या थी? यदि विगत वर्ष की तुलना में आय कम हुई हो तो उसको सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>07.07.2011 | *4. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की बिजली परियोजनाओं, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन के ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम हेतु आर0ई0सी0 से ऋण, पावर ट्रांसमिशन को नावार्ड से ऋण, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन को ऋण तथा पारेषण योजनाओं हेतु वाह्य सहायता के अन्तर्गत वर्तमान सरकार के गठन वर्ष 2009–10 तक लिये गये सभी ऋणों का ब्यौरा क्या है तथा उक्त ऋणों की अदायगी की अद्यतन स्थिति क्या हैं? | ऊर्जा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>08.07.2011 | *5. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है? यदि हां, तो विद्युत आपूर्ति नियमित किये जाने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

श्रीमती अमृता रावत
08.07.2011

*6. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्यालयी शिक्षा में तीन निदेशक और एक महानिदेशक का पद सृजित कर दिया गया है? यदि हां, तो इन निदेशालयों का स्वरूप तथा अधिकार क्या-क्या होंगे तथा महानिदेशक की भूमिका क्या होगी तथा इन निदेशालयों/महानिदेशालय के गठन पर प्रति वर्ष कितना व्यय भार बढेगा और निदेशालयों के अन्तर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या और उनके पदों का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि कक्षा 1 से 8 तक की शिक्षा व्यवस्था पर निदेशक (बेसिक) का नियंत्रण तथा कक्षा 9 से 12 तक निदेशक (माध्यमिक) का नियंत्रण रहेगा? यदि हां, तो राजकीय इण्टर कालेजों में शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा 6 से 8 की शिक्षा व्यवस्था पर किसका नियंत्रण रहेगा? — शिक्षा

श्रीमती अमृता रावत
14.07.2011

*7. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके परिवार के द्वारा माह जून 2011 में उत्तराखण्ड में चारधाम की यात्रा की है ? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि उनके द्वारा उत्तराखण्ड में अनेक योजनाओं/परियोजनाओं का भी लोकार्पण/शिलान्यास किया गया है? यदि हां, तो ऐसी योजनाओं तथा इनके निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि का योजनावार विवरण क्या है तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष से योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करवाए जाने का उद्देश्य एवं औचित्य क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रमों पर राज्य सरकार द्वारा किए गए व्यय का योजनावार विवरण क्या है? — प्रथम बुधवार तारांकित 4 स्था0

श्री गणेश जोशी
05.08.2011

*8. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में विद्युत की झूलती तारों,चौराहों पर लगी संकेतक लाइटों व अव्यवस्थित विद्युत खम्भों के कारण रोजमर्रा दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं? क्या यह सत्य है कि जुलाई माह में हर्बटपुर विकासनगर में झूलती विद्युत तारों की चपेट में आने से कई लोगों की अकाल मौत हो गयी और कई घायल हो गये? यदि हां, तो सरकार झूलती तारों एवं आवासीय भवनों के ऊपर गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को हटाने के लिए कोई कारगर योजना बनायेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — ऊर्जा

श्री गणेश जोशी
11.08.2011

*9. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य गठन के उपरान्त प्रदेश में खोले गये लगभग 35 राजकीय महाविद्यालयों में एक भी राजकीय महाविद्यालय देहरादून जिला मुख्यालय में स्थापित नहीं किया गया? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि जिला मुख्यालय में स्थित अशासकीय महाविद्यालयों में विशेष रूप से डी0ए0वी0(पी0जी0) कॉलेज में छात्र--छात्राओं की संख्या उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की तुलना में कई गुना अधिक हो गयी है, जिससे महाविद्यालय प्रशासन को इतने अधिक संख्या बल को नियंत्रित करना सम्भव नहीं हो रहा है? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि सभी अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में कक्षाओं में प्रवेश संख्या यू0जी0सी0 के मानकों से अधिक है? यदि हां, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं की बढ़ती संख्या का दबाव कम करने के लिए जनपद मुख्यालय में एक राजकीय महाविद्यालय स्थापित किये जाने पर विचार करेगी? — उच्च शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| ...ा गणेश जोशी 11.08.2011 | *10. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि राजपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मौजा धोरणखास की अधिग्रहित की गयी भूमि को शासन द्वारा अधिग्रहण से मुक्त कर दिया गया था? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उक्त भूमि पूर्व में आवासीय भूमि थी किन्तु वर्तमान में महानगर योजना में शहरी निदेशालय द्वारा बनाये गये मास्टर प्लान 2005–2025 में गलत तरीके से 400 वर्ष पुराने गांव धोरणखास व आबादी का भू–उपयोग उद्यान व आई0टी0 पार्क दर्शाया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार मौजा धोरणखास की उक्त भूमि का भू–उपयोग पूर्व की भांति आवासीय कराने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत 16.08.2011 | *11. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा संख्या 117/2011 दिनांक 06.02.2011 के अन्तर्गत केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर के अन्तर्गत मेडिकल कॉलेज की स्थापना जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में किये जाने की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के माध्यम से भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित कर दिया है? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में हुयी प्रगति का विवरण क्या हैं? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री शेर सिंह गढ़िया 29.08.2011 | *12. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010–11 में प्रदेश के कुल कितने मोटर मार्गों के रख रखाव तथा पेन्टिंग व डामरीकरण हेतु कितना धन स्वीकृत किया गया तथा स्वीकृति कब जारी की गयी? क्या यह सत्य है कि प्रदेश के अन्तर्गत अधिकांश मोटर मार्गों की स्थिति काफी खराब हैं? यदि हां, तो कुल कितने सड़कों की स्थिति खराब है तथा कब तक सड़कों की स्थिति में सुधार किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कुलदीप कुमार 07.09.2011 | *13. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत लखवाड़ व्यासी परियोजना कब तक शुरू होने जा रही है और कब तक इसमें उत्पादन प्रारम्भ हो जायेगा तथा इससे कुल कितने मेगावाट विद्युत उत्पादन होगा? | ऊर्जा |
| श्री कुलदीप कुमार 07.09.2011 | *14. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत पछवादून क्षेत्र में बनाई गई जल विद्युत परियोजनाओं के अन्तर्गत आम जनता को सुविधा हेतु बनाये गये पुल, रोड़ आदि के रख रखाव के लिये कौन जिम्मेदार है क्या उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम द्वारा डाकपत्थर शक्ति नहर पर बने पुल नं0–1 जो पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त है का पुर्ननिर्माण कब तक किया जायेगा? | ऊर्जा |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 04.07.2011 | 1. विधान सभा के प्रथम सत्र, 2010 के द्वितीय शुक्रवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 01 के सन्दर्भ में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज बसन्पुर, पौड़ी गढ़वाल के लिए विधायक निधि से स्वीकृत कक्षा–कक्षों के निर्माण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल द्वारा प्रकरण के निस्तारणोपरान्त कार्य पूर्ण किया जायेगा? | शिक्षा |
| श्री मयूख महर 04.07.2011 | 2. क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पी0आर0डी0 जवान अपनी मांगों को लेकर गत् माह आन्दोलनरत थे? क्या सरकार उनके मानदेय बढाने तथा उन्हें नियमित करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल एवं युवा कल्याण |
| श्री मयूख महर 05.07.2011 | 3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत तीन वर्षो में जनपद पिथौरागढ़ में मा0 मंत्रियों/मा0 विधायकों के आदेश/सिफारिश पर कितने शिक्षकों के स्थानान्तरण हुये? क्या मंत्री जी स्थानान्तरण ओदशों की प्रति उपलब्ध करायेंगे? क्या उक्त स्थानान्तरण नियमानुसार किये गये है? यदि नही, तो विभाग द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गयी है? | शिक्षा |
| श्री मयूख महर 05.07.2011 | 4. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में निर्माणाधीन हैलीपेड क्रमशः मुनस्यारी, भागीचौरा व कनालीछीना वन भूमि के अन्तर्गत निर्माणाधीन है? क्या वन विभाग द्वारा इस कार्य हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है? यदि हां, तो कितने भूभाग हेतु? | नागरिक उड्डयन |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 06.07.2011 | 5. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि वित्तीय वर्ष 2009–10 की अवधि में अभी तक विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा गम्भीर बीमारी से पीड़ित होने के कारण अपनी तथा अपने परिजनों की बीमारी का उपचार प्रदेश से बाहर कराया गया है? शिक्षा विभाग में ऐसे किन–किन अधिकारियों/कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्बन्धी देयक शासन को स्वीकृति हेतु प्राप्त हुए हैं? क्या शिक्षा मंत्री यह भी अवगत है कि विभाग द्वारा शासन को प्रेषित चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्बन्धी देयक शासन स्तर पर अभी तक लम्बित हैं? यदि हां, तो ऐसे प्रकरण कब से शासन स्तर पर लम्बित हैं तथा इनके लम्बित रहने के क्या कारण हैं? क्या सरकार इन लम्बित प्रकरणों के यथाशीघ्र निरस्तारण हेतु कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 06.07.2011 | 6. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत एन0एच0–74 बिन्दुखेड़ा से रा0इ0का0 रामनगर तक मार्ग का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हां, तो मार्ग कब तक बन जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 06.07.2011 | 7. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र 60 पंतनगर–गदरपुर में कौन–कौन से मार्गों का अनुरक्षण कार्य 01 अप्रैल, 2011 के बाद हुआ है? | लोक निर्माण |

श्री प्रेमानन्द महाजन
06.07.2011

**8.** क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधम सिंह नगर में विगत कई वर्षों से रूद्रपुर आवास विकास में स्थित रिंग रोड क्षतिगस्त है? यदि हां, तो कब तक उक्त मार्ग को ठीक करवाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**द्वितीय सोमवार के अतारांकित 13 में स्था0**

श्री मयूख महर
06.07.2011

**9.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 24.04.2011 को मा0 मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत कनालीछीना भ्रमण पर पूर्व मा0वि0 डुंगरी के प्रान्तीकरण एवं उच्चीकरण की घोषणा की गयी है? क्या सरकार पू0 मा0 वि0 हरडीखान, चौपाता तथा तामाखानी का भी प्रान्तीयकरण एवं उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**शिक्षा**

श्री मयूख महर
06.07.2011

**10.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में गत वर्ष उच्चीकृत माध्यमिक विद्यालय बजेटी तथा नैनी में कुल कितने स्टाफ है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विगत तथा वर्तमान शिक्षा सत्र में कितने छात्रों को उक्त विद्यालयों में दाखिला दिया गया है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि दोनों विद्यालयों के 1 कि0मी0 की परिधि में कितने सरकारी तथा गैर सरकारी हाईस्कूल व इन्टर कालेज हैं ?

**शिक्षा**

श्रीमती वीना महराना
06.07.2011

**11.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जिला चम्पावत में मुख्य मार्ग एन0 एच0 –125 के चौड़ीकरण हेतु बस्टिया से आगे मुख्य मोटर मार्ग के मध्य से 27 फीट नीचे घाटी की ओर व 33 फीट ऊपर पहाड़ी की ओर आधार लेकर पूर्व में चिन्हीकरण किया गया? क्या विभाग द्वारा मोटर मार्ग के मध्य से नीचे घाटी की ओर 10 मीटर व उपर पहाडी की ओर 10 मीटर आधार लेकर इसका पुनः चिन्हीकरण कराया गया? क्या इससे अधिकांश जनता प्रभावित हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा जनहित में घनी आबादी चम्पावत नगर व लोहाघाट नगर क्षेत्र में रिंग रोड प्रस्तावित करने हेतु कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्रीमती वीना महराना
06.07.2011

**12.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जिला चम्पावत के विकास खण्ड पाटी में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 20.02.2011 को पाटी में डिग्री कालेज खोले जाने की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा डिग्री कालेज खोले जाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?

**उच्च शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
06.07.2011

**13.** विधान सभा के प्रथम सत्र, 2008 के द्वितीय शुक्रवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 14 के सन्दर्भ में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों पर तैनाती की जाने हेतु शासन एवं विभागीय स्तर पर गतिमान कार्यवाही का परिणाम क्या है तथा तब से अब तक कितने प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्यों की तैनात की जा चुकी है और शेष रिक्त पदों पर कब तक तैनाती की जायेगी?

**शिक्षा**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>06.07.2011 | **14.** विधान सभा के तृतीय सत्र, 2009 के प्रथम सोमवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 13 के सन्दर्भ में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा बीरोंखाल के अन्तर्गत अवशेष कच्चे मार्गों के डामरीकरण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति कब तक जारी की जाने की सम्भावना है तथा इस सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त कच्चे मार्गों के डामरीकरण किए जाने की योजना है? | लोक नि |
| श्रीमती अमृता रावत<br>06.07.2011 | **15.** विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2009 के प्रथम शुक्रवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 09 तथा 14 के सन्दर्भ में क्या युवा कल्याण एवं खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नोत्तर में वर्णित/प्रस्तावित कीड़ा स्थलों के निर्माण हेतु की गई कार्यवाही ओर वर्तमान स्थिति/प्रगति का विवरण क्या है? क्या वर्ष 2007–08 से अभी तक कीड़ा स्थलों के निर्माण हेतु धनराशि आवंटित नहीं हुई हैं? | युवा कल्याण एवं खेल |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>07.07.2011 | **16.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की जल विद्युत परियोजनाओं हेतु वाह्य सहायता के अन्तर्गत ए0डी0वी0 से वर्ष 2009 से वर्तमान तक कितनी सहायता प्राप्त की गयी? उसमें से पारेषण परियोजना हेतु कितनी धनराशि आवंटित एंव व्यय की गयी तथा अन्य कार्यों पर किन–किन मदों में कितनी–कितनी धनराशि व्यय की गयी? क्या सरकार ए0डी0वी0 के अन्तर्गत वाह्य सहायता बढ़ाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>07.07.2011 | **17.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारतीय सड़क कांग्रेस एवं भारतीय भवन कांग्रेस की सहायता/अनुदान/अंशदान/राज सहायता की वर्तमान सरकार के कार्यकाल में वित्तीय वर्ष 2009 से वर्तमान तक क्या स्थिति हैं? क्या सरकार उक्त सहायता राशि को बढाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कितनी और कब तक? | लोक निर्माण |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>07.07.2011 | **18.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पन्तनगर–गदरपुर में कितने मार्गों के मरम्मत/पुनः निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन हैं? क्या सरकार उक्त कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>07.07.2011 | **19.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि रूद्रपुर से दिनेशपुर (जिला ऊधमसिंहनगर) में एक बड़ी विद्युत लाईन बनायी गई? यदि हां, तो विद्युत लाईन बिछाये जाने में कुल कितना धन व्यय किया गया? क्या विद्युत लाईन का उपयोग हो रहा हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>07.07.2011 | **20.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 06 मई, 2010 को ऊधमसिंह नगर में अत्यन्त विनाशकारी ऑधी तूफान आया था? यदि हां, तो विद्युत विभाग के विकास खण्ड गदरपुर व रूद्रपुर में कितनी क्षति हुई? क्या क्षतिग्रस्त विद्युत लाईन व फुंके ट्रांसफार्मर ठीक कर दिये गये? यदि नहीं, तो क्षतिग्रस्त उपकरणों को कब तक ठीक कर दिया जायेगा? | ऊर्जा |

श्रीमती अमृता रावत
07.07.2011

**21.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में ऐसे कौन–कौन से राजकीय हाईस्कूल तथा राजकीय इण्टर कालेज हैं जिनमें स्वीकृत पदों के सापेक्ष सभी शिक्षकों की तैनाती है और ऐसे हाईस्कूल तथा इण्टर कालेजों की संख्या क्या हैं जिनमें शिक्षकों के पद रिक्त हैं? उक्त रिक्त पदों पर कब तक शिक्षकों की तैनाती किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा जनपद में शिक्षकों के रिक्त पदों का विषयवार विवरण क्या हैं?

**शिक्षा**

श्री मयूख महर
07.07.2011

**22.** **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

श्री मयूख महर
07.07.2011

**23.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रा0 खण्ड लोक निर्माण विभाग पिथौरागढ़ द्वारा वर्ष 2006 से अभी तक ऐसी कितनी सड़कों को निर्मित दर्शाकर उनका पूर्ण भुगतान किया जा चुका है किन्तु उक्त सड़कों पर पब्लिक सर्विस बस तथा बड़े ट्रकों का संचालन अभी तक नही हुआ है? क्या उक्त मार्ग भारी यातायात हेतु खोला जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री जोत सिंह
गुनसोला
08.07.2011

**24.** क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार ने आवास–विकास परिषद का गठन कर लिया है तथा उ0प्र0 सरकार से आवास विकास परिषद की परिसम्पत्तियों की हस्तान्तरण की क्या स्थिति है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार के द्वारा वर्तमान अवधि तक कितने विकास प्राधिकरणों का गठन कर लिया गया है तथा प्रत्येक विकास प्राधिकरण की कुल आय–व्यय की स्थिति क्या है? क्या आवासीय कालोनियों को बनाने के लिये, लिए गये ऋणों का भुगतान समय पर किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

**आवास**

श्री मयूख महर
08.07.2011

**25.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड शासन द्वारा विद्यालयी शिक्षा अधिनियम 2006 एवं विद्यालयी शिक्षा विनयम 2008 में पारित नियमों के अन्तर्गत अशासकीय विद्यालयों में पदोन्नति की अर्हता राजकीय शिक्षकों की भांति ही घोषित की गयी है? क्या यह सत्य है कि अशासकीय विद्यालयों हेतु उ0प्र0 अधिनियम में दो संशोधन राजज्ञा सं0भा0/4428/15–72(13)–78 दिनांक 16 मार्च, 1979 के अनुसार यह व्यवस्था की गयी थी कि जिस विद्यालय में संस्कृत प्रवक्ता कार्यरत है वहां पर हिन्दी प्रवक्ता को बी0ए0 संस्कृत होना अनिवार्य नहीं होगा? यदि हां, तो क्या सरकार अशासकीय विद्यालयों को उक्त लाभ यथावत रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
08.07.2011

**26.** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के स्थान बहेड़ाखाल में मिनी स्टेडियम एवं व्यायामशाला के निर्माण हेतु जिलाधिकारी गढ़वाल के निर्देशानुसार ग्रामवासियों द्वारा लगभग 60 नाली भूमि की रजिस्ट्री विभाग के नाम करवाई गई है? यदि हां, तो अभी तक उक्त भूमि पर मिनी स्टेडियम एवं व्यायामशाला का निर्माण न किये जाने के क्या कारण है तथा कब तक प्रस्तावित मिनी स्टेडियम/व्यायामशाला का निर्माण किया जायेगा?

**खेल एवं युवा कल्याण**

श्री मयूख महर
11.07.2011

**27.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उ0का0 दल से डीडीहाट विधान सभा के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं उ0का0 दल के वरिष्ठ नेता की दिनांक 11.12.2010 को संदिग्ध अवस्था में टी0आर0सी0 पिथौरागढ़ में एक सरकारी वाहन में हुयी मौत की क्या सरकार सी0बी0आई0 जांच करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री जोत सिंह गुनसोला
11.07.2011

**28.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार के द्वारा कितने राजकीय मेडिकल कालेजों की स्थापना वर्तमान अवधि तक की गयी है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि मेडिकल कालेजों में अध्ययनरत् डाक्टरों को एक विशेष योजना के अनुरूप 15 हजार रूपये प्रतिवर्ष की फीस निर्धारित है तथा कितने छात्र–छात्राओं के द्वारा इस योजना का लाभ अब तक लिया गया है तथा इसका वर्षवार ब्यौरा क्या है? क्या सरकार डाक्टरों को और अधिक सुविधा प्रदान करने पर विचार करेगी?

चिकित्सा शिक्षा

श्री जोत सिंह गुनसोला
11.07.2011

**29.** क्या सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार सूचना तंत्र को सार्थक बनाने हेतु सभी विकास खण्डों को पूर्ण रूप से जोड़ने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून में निर्माणाधीन सूचना एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है? यदि नहीं, तो कब तक उक्त केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा?

सूचना प्रौद्योगिकी

श्री जोत सिंह गुनसोला
11.07.2011

**30.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार खिलाड़ियों के सहायतार्थ कल्याण निधि की स्थापना करने पर विचार कर रही है? दुर्घटना या शरीरिक अक्षमता की स्थिति में इस कोष से सरकार खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता वार्षिक पेंशन के रूप में प्रदान करने पर विचार करेगी? क्या सरकार इस हेतु खिलाड़ियों को वर्गीकृत करने पर भी विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

खेल

श्रीमती अमृता रावत
11.07.2011

**31.** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 से वर्ष 2010–2011 तक जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल, पोखड़ा तथा एकेश्वर के अन्तर्गत किन–किन महिला मंगल दलों को कितनी–कितनी प्रोत्साहन राशि का भुगतान कब–कब किया गया है तथा किन–किन युवक मंगल दलों को कितने–कितने मूल्य का खेल आदि का सामान कब–कब दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अवशेष महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को कब तक इन योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा?

खेल एवं युवा कल्याण

श्रीमती अमृता रावत
11.07.2011

**32.** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल, पोखड़ा तथा एकेश्वर के अन्तर्गत वर्ष 2007–08 से अब तक क्रीड़ा स्थल/मिनी स्टेडियम अथवा व्यायामशाला निर्माण हेतु कब–कब कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और किन–किन स्थानों/ग्राम सभाओं में क्रीड़ा स्थल/मिनी स्टेडियम अथवा व्यायामशालाओं के निर्माण हेतु प्रस्ताव/प्रत्यावेदन विभाग के पास विचाराधीन लम्बित है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन लम्बित प्रस्तावों का निस्तारण कब तक किय जायेगा?

खेल एवं युवा कल्याण

| | | |
|---|---|---|
| [illegible] जोत सिंह गुनसोला 12.07.2011 | **33.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तकनीकी शिक्षा के अन्तर्गत सरकारी इंजीनियरिंग कालेजों में मानकों के अनुसार स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद खाली हैं? क्या यह सत्य है कि रिक्त पदों के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर नियुक्तियां दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत 12.07.2011 | **34.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में ऐसे कौन–कौन से गांव है जिनके ट्रान्सफार्मर वर्ष 2010–11 तथा इससे पूर्व में क्षतिग्रस्त हुए हैं और अभी तक इन क्षतिग्रस्त ट्रान्सफार्मरों को बदला नहीं गया है तथा कब तक उक्त ट्रान्सफारमरों को बदल दिया जायगा? | **ऊर्जा** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 13.07.2011 | **35.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि सरकार के द्वारा संचालित जल विद्युत गृहों की मरम्मत का कार्य किसी बाहरी कम्पनी के द्वारा किया जा रहा है? यदि हां, तो उक्त कम्पनी द्वारा कौन–कौन से जल विद्युत गृहों को इस मरम्मत कार्य में सम्मिलित किया है? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती अमृता रावत 13.07.2011 | **36.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में अनेक विषय शिक्षक असंगत विषय के प्रति कार्यरत है? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि उनके विषय के पद अनेक विद्यालयों में रिक्त चले आ रहे हैं? यदि हां, तो विषय शिक्षक से भिन्न पदों पर कार्यरत शिक्षकों की जनपदवार संख्या क्या है, उनके विषय से सम्बन्धित जनपदों में कितने पद रिक्त चले आ रहे हैं तथा जनपद में सम्बन्धित विषय के पद रिक्त होने के बावजूद शिक्षकों को असंगत विषय के प्रति कार्यरत रखने का औचित्य एवं उद्देश्य क्या है और इसके प्रति कौन–कौन उत्तरदायी है? क्या सरकार असंगत विषय के प्रति कार्यरत शिक्षकों को उनके संगत विषय के प्रति समायोजित किए जाने की सम्भावना है? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत 15.07.2011 | **37.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड थैलीसैण के अन्तर्गत राजकीय कन्या इण्टर कालेज में छात्र संख्या क्या है तथा इस विद्यालय में कितने प्रवक्ताओं की नियुक्ति/तैनाती हेतु आदेश निर्गत किए गए हैं? क्या जनपद के सभी राजकीय इण्टर कालेजों में इसी छात्र संख्या के अनुपात के आधार पर प्रवक्ताओं की नियुक्ति/तैनाती की गई है? यदि हां, तो छात्र संख्या तथा नियुक्त/तैनात प्रवक्ताओं की संख्या का विद्यालयवार विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों और अल्प छात्र संख्या पर इतने प्रवक्ताओं की नियुक्ति/तैनाती करने का आधार क्या है? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत 15.07.2011 | **38.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में वर्ष 2007–08 से अब तक क्रय किए गए विद्युत पोलों तथा ट्रांसफारमरों की जनपदवार संख्या क्या है तथा विद्युत पोलों तथा ट्रांसफारमरों के क्रय करने पर व्यय की गयी धनराशि का जनपदवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रयोग में लाए गए तथा अवशेष विद्युत पोलों तथा ट्रांसफार्मरों की जनपदवार संख्या क्या है? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला 15.07.2011 | **39.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2008–09 में लोक निर्माण के अन्तर्गत पारित बजट के सापेक्ष कुल कितने बजट के भाग का उपभोग किया गया तथा कितना शेष रहा?क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष 2009–10 के लिए पारित सभी स्रोतों से बजट का वर्तमान अवधि तक कितना उपयोग किया गया है? यदि कम किया गया है तो इसके क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग के पास अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी, बार– बार टैण्ड़रों के निरस्त होने, विभागीय व्यवस्था में पारस्परिक सामंजस्य के अभाव तथा वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने विषयक समस्याओं के निराकरण हेतु क्या उपाय किए गए हैं? | लोक नि |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 15.07.2011 | **40.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितनी ऊर्जा का उपभोग उद्योगों–प्रतिष्ठानों सभी कामर्शियल तथा घरेलू उपभोक्ताओं के द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है? इसके सापेक्ष ऊर्जा विभाग के द्वारा कुल कितना उत्पादन प्रतिवर्ष किया जाता है? कमी होने पर सरकार कितनी बिजली बैंकिंग से प्राप्त करती है तथा कितनी अन्य स्रोतों सें? साथ ही सामान्य समय पर बिजली किन दरों से प्राप्त की जाती है तथा पीक आवर्स में इसकी दर क्या होती है? सरकार को प्रतिदिन जल विद्युत गृहों से कुल कितनी बिजली प्राप्त होती है तथा किस दर पर उत्पादन होता है? तथा ग्रिड को किस दरों पर दिया जाता है? | ऊर्जा |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 15.07.2011 | **41.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009–10 के वित्तीय वर्ष में आय–व्ययक की वर्तमान मदों के अतिरिक्त आय को किन स्रोतों से बढ़ाया गया है तथा आय के सापेक्ष व्यय अधिक होने की वजह से किन–किन मदों में कटौती की गयी है? | वित्त |
| श्रीमती अमृता रावत 16.07.2011 | **42.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में लोक निर्माण विभाग के किन–किन खण्ड़ों में कौन–कौन अधिशासी अभियन्ता प्रभारी के रूप में कब–कब से कार्यरत है तथा इन्हें स्थायी अधिशासी अभियंता बनाए जाने की दिशा में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों और उसके परिणामों का विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक इन प्रभारी अधिशासी अभियंताओं को स्थायी अधिशासी अभियंता बनाया जायेगा? | लोक निम |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 21.07.2011 | **43.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं किं प्राचार्य, बीर चन्द्र सिंह गढ़वाली रा0 आ0 शोध संस्थान श्रीनगर गढ़वाल का प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा को सम्बोधित और उन्हें पृष्ठांकित पत्र संख्या मे0का0/2011–12/1259, दिनांक 08.07.2011 प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो पत्र में दिये गये प्रस्ताव का परीक्षण कर लिया गया है और प्रस्ताव के बिन्दुओं पर सहमति प्रदान कर दी है? यदि नहीं, तो क्यों? कब तक प्रस्ताव के बिन्दु स्वीकार कर लिये जायेंगे? | चिकित्सा |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 22.07.2011 | **44.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामान्य प्रशासन विभाग के अन्तर्गत अन्य प्रशासनिक सेवाओं से क्या अभिप्राय है? क्या सरकार इन सभी अन्य प्रशासनिक सेवाओं की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय स के अता0 स्थ |

| | | |
|---|---|---|
| सुरेन्द्र सिंह जीना .07.2011 | **45.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की खेल नीति के तहत खेल अवस्थापना सुविधाओं के विकास व सुदृढीकरण हेतु क्या–क्या कार्य किये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अल्मोडा जनपद के भिक्यासैण विधान सभा क्षेत्र में खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को कोई प्रोत्साहन दिया गया हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| ो सुरेन्द्र सिंह जीना 2.07.2011 | **46.** क्या सामान्य प्रशासन मंत्री अवगत है कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत देघाट और सल्ट में प्रतिवर्ष क्रमशः 19 अगस्त और 5 सितम्बर को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उन महान शहीदों, जिन्होंने देश की आजादी में अपना बलिदान दिया, के नाम पर क्षेत्र के मोटर मार्गों, चिकित्सालयों या अन्य सरकारी योजनाओं का नामकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सामान्य प्रशासन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 22.07.2011 | **47.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत कौन–कौन से प्रस्तावित अथवा स्वीकृत मोटर मार्ग कब से वन अधिनियम के कारण किस स्तर पर लम्बित है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि नोडल आफिस देहरादून द्वारा भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग, लखनऊ से स्वीकृति हेतु क्या–क्या प्रयास किये गये तथा मोटर मार्गों का निर्माण कार्य कब से आरम्भ किया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 25.07.2011 | **48.** क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर की पट्‌टी मवालस्यूँ के अमेली पर्वत श्रृखंला की तलहटी में सुरखेत नामक स्थल है? क्या यह सत्य है कि यहां एक लम्बा चौड़ा मैदान जो लगभग 1 कि0मी0 लम्बा व 1/2 कि0मी0 चौड़ा है? यदि हां, तो क्या सरकार पर्वतीय क्षेत्र के दूर दराज स्थानों को विकसित किये जाने तथा प्रदेश में प्रतिभावान युवकों को खेल कूद से जोड़ने के लिए उक्त स्थान पर खेल स्टेडियम बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? | **खेल** |
| श्री केदार सिंह रावत 27.07.2011 | **49. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 26.07.2011 | **50.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारतीय भागिता अधिनियम,सोसाइटीज, चिट फण्ड अधिनियम के कियान्वयन के अन्तर्गत राज्य स्थापना वर्ष से 2010–11 तक की अवधि में प्रत्येक वर्ष जिलेवार कुल कितनी–कितनी सोसाइटीज पंजीकृत की गई तथा वर्षवार कितनों का नवीनीकरण किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कितनी चिट फण्ड अधिनियम के अन्तर्गत संचालित की जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **वित्त** |

श्री जोत सिंह गुनसोला 26.07.2011

51. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा पणखेत–जड़दादेवी--श्योली से रीठाखाल तक मोटर मार्ग बनाते समय सिंचाई नहर श्योली पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है? यदि हां, तो क्या सरकार इस सिंचाई नहर को किसानों को सिंचाई की सुविधा पुनः उपलब्ध करवाने हेतु यथाशीघ्र बनवायेगी? यदि हां, तो कब तक? — लोक

श्री जोत सिंह गुनसोला 26.07.2011

52. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार उत्तराखण्ड में विद्युत उत्पादन, वितरण एवं पारेषण की जिम्मेदारी निर्धारित किऐ जाने हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था को एक ही निगम के अन्तर्गत संचालित किये जाने पर निर्णय लेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — ऊर्जा

श्री केदार सिंह रावत 26.07.2011

53. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तराकाशी के अन्तर्गत चिन्यालीसौड़ सुनारगांव मोटर पुल हेतु केन्द्रीय सरकार से 35 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत हुयी है? यदि हां, तो राज्य सरकार कब तक मोटर पुल का निर्माण प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? — तृतीय मंगलवार के अतारांकित 7 में स्था0

श्री केदार सिंह रावत 26.07.2011

54. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अनिवार्य शिक्षा अधिनियम/रमसा के तहत निर्धारित मानकों के आधार पर प्रदेश में वर्तमान सत्र से ही विभिन्न स्तरीय विद्यालयों का उच्चीकरण/स्थापना होनी है? यदि हां, तो जनपद उत्तरकाशी में मानकों के अनुरूप कौन--कौन से विद्यालय स्थापित/उच्चीकृत किये जाने हैं एवं कौन–कौन से उच्चीकृत किये जा चुके हैं तथा शेष कब तक उच्चीकृत किये जायेंगे? क्या सरकार इस सम्बन्ध में कोई ठोस नीति बना रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? — शिक्षा

श्री केदार सिंह रावत 26.07.2011

55. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि बड़कोट एवं चिन्यालीसौड़ महाविद्यालय की भूमि व भवन प्रकरण के शीघ्र निस्तारण हेतु मा0 विधान सभा पीठ से दिनांक 29 नवम्बर, 2007 को निर्देश हुये थे? यदि हां, तो क्या प्रकरण में अभी तक कोई प्रगति हुई? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? — उच्च शिक्षा

श्रीमती अमृता रावत 26.07.2011

56. विधान सभा के प्रथम सत्र, 2010 के प्रथम शुक्रवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–09 के सन्दर्भ में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज बहेड़ाखाल, पौडी गढ़वाल के रिक्त पदों पर प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति /तैनाती की जायेगी और शिक्षकों के रिक्त पदो के कारण प्रभावित हो रही शिक्षण व्यवस्था के प्रति कौन उत्तरदायी है? — शिक्षा

श्रीमती अमृता रावत 26.07.2011

57. विधान सभा के प्रथम सत्र, 2010 के द्वितीय शुक्रवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–10 के सन्दर्भ में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्राइमरी से इण्टर कालेज तक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने के सम्बन्ध में अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी? — शिक्षा

श्रीमती अमृता रावत
07.07.2011

**58.** विधान सभा के प्रथम सत्र 2011 के तृतीय मंगलवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 06 के सन्दर्भ में क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के स्थान व्यासचट्टी में साधन सहकारी समिति का अपना भवन न होने की पृष्टि एवं वास्तविकता की जानकारी हेतु किस अधिकारी द्वारा कब स्थलीय निरीक्षण किया गया है तथा व्यासचट्टी में समिति का संचालन किसके भवन पर किया जा रहा है एवं अब तक किराए के रूप में कितनी धनराशि भवन स्वामी को कब–कब भुगतान की गई है? क्या व्यासचट्टी में समिति का अपना भवन न होने की पुष्टि सम्बन्धित पट्टी पटवारी तथा क्षेत्रीय ग्राम पंचायत प्रधान के द्वारा की जा चुकी है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? क्या यह सत्य है कि साधन सहकारी समिति व्यासचट्टी के विरूद्ध रूपये 17926.21 का भुगतान अवशेष चला आ रहा है? यदि हां, तो इस अवशेष भुगतान हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गई है? — सहकारिता

श्री जोत सिंह गुनसोला
27.07.2011

**59.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वैट के अन्तर्गत वापसी का अनुपात क्या है तथा वैट लागू होने से लेकर वर्ष 2010–11 तक कितनी राशि इस मद में दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? — वित्त

श्री जोत सिंह गुनसोला
27.07.2011

**60.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य स्थापना से वर्ष 2010–11 तक चिन्हित सभी राज्य आन्दोलनकारियों की सूची प्रत्येक जिलेवार क्या है तथा राज्य आन्दोलनकारियों के चिन्हींकरण की वस्तुस्थिति क्या है? क्या सरकार चिन्हींकरण का कार्य बन्द कर रही है?यदि नहीं, तो चिन्हींकरण का कार्य कब तक पूरा करेगी? — गृह

श्री केदार सिंह रावत
28.07.2011

**61.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल विद्युत निगम के मनेरीभाली फेज–2 पावर हाउस धरासू तथा शक्तिपुरम कालोनी चिन्यालीसौड़ में कुल कितने तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत हैं तथा इनमें कितने नियमित और कितने संविदा पर हैं? दोनो श्रेणियों में नियमित व संविदा पर कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है? क्या सरकार स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार दिये जाने हेतु कोई ठोस नीति बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — ऊर्जा

श्री केदार सिंह रावत,
28.07.2011

**62.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मनेरीभाली चरण 1 व 2 में वर्ष 2007–08 से 2010–11 तक फेजवाइज कितना विद्युत का उत्पादन हुआ? इससे विभाग को कितना राजस्व प्राप्त हुआ व कितना धन अवस्थापना मद में व्यय हुआ तथा कितना धन रख–रखाव व अन्य में व्यय हुआ? — ऊर्जा

श्रीमती अमृता रावत
29.07.2011

**63.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अनुसूचित जाति बस्ती के ग्राम खाण्डा को मोटर मार्ग से जोड़ने हतु शासन द्वारा कब स्वीकृति प्रदान की गई है? उक्त ग्राम को मोटर मार्ग से जोड़ने हतु सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गयी है तथा कब तक ग्राम खाण्डा को मोटर मार्ग से जोड़ा जायेगा? — लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश जुवांठा<br>02.08.2011 | **64.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत सरकार द्वारा वर्ष 2006 में टिकोची मोटर पुल से झाकुली–दूचाणू–कण्डासी धार मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया था जिसका अभी तक निर्माण आरम्भ नहीं किया गया? यदि हां, तो क्या सरकार इस स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | लोक नि |
| श्री राजेश जुवांठा<br>03.08.2011 | **65.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत कितने मोटर मार्ग स्वीकृत हैं? क्या स्वीकृत मोटर मार्गों पर कार्य आरम्भ किया जा चुका है? यदि नहीं, तो निर्माण कार्य प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार यह भी बतायेंगी कि जिन मोटर मार्गों पर कार्य शुरू हो चुके हैं उनकी प्रगति क्या हैं? | लोक निर्माण |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>04.08.2011 | **66.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार कृषि पर आधारित विषयों को प्राईमरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक पाठ्यक्रम में सम्मिलित करेगी? यदि हां, तो इसे कब तक लागू किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.08.2011 | **67.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे प्रस्तावित मोटर मार्गों का विधान सभा वार विवरण क्या है जिनके आगणन स्वीकृति हेतु शासन स्तर पर लम्बित है? उक्त आगणन कब से किस स्तर पर लम्बित है तथा इन मार्गों के निर्माण/ डामरीकरण हेतु कब तक स्वीकृतियां जारी किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>05.08.2011 | **68.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा बन्धु/शिक्षा मित्र का स्थानान्तरण, समायोजन अथवा सम्बद्धीकरण किसी अन्य विद्यालय में किया जा सकता है? यदि हां, तो किस नियम के आधार पर? यदि नहीं, तो जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कलजीखाल के राजकीय इण्टर कालेज मुण्डनेश्वर में कार्यरत शिक्षा बन्धु को डायट टिहरी गढ़वाल में सम्बद्ध किए जाने का औचित्य एवं उद्देश्य क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि नियम के विरूद्ध सम्बद्धीकरण किए जाने के प्रति कौन उत्तरदाई है तथा इस सम्बद्धीकरण को कब तक निरस्त किया जायेगा? | शिक्षा |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>05.08.2011 | **69.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ विकास खण्ड धारचूला, मुनस्यारी के अन्तर्गत वर्ष 2008 से 2011 तक ऐसे कौन–कौन से स्वीकृत मोटर मार्ग है जिनका निर्माण वन अधिनियम के प्रतिबन्धों के कारण प्रारम्भ नही हो पा रहा है या निर्माण कार्य रूका है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन मोटर मार्गों की स्वीकृतियां किन–किन शासनादेशों के द्वारा कितने–कितने किमी0 के लिए जारी की गई है तथा वन भूमि हस्तानान्तरण हेतु प्रस्ताव कब–कब प्रस्तुत किया गया है और वन भूमि हस्तानान्तरण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का मार्गवार विवरण क्या है? | लोक निर्माण |

श्री गगन सिंह रजवार 05.08.2011 — ऊर्जा

**70.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड मुनस्यारी के अन्तर्गत सेराघाट में हिमालया हाइड्रों पॉवर कम्पनी से पॉवर हाउस का निर्माण करवाया जा रहा है? क्या मंत्री जी अवगत है कि उक्त कम्पनी द्वारा वन विभाग की अनुमति के बिना 1 किमी0 टनल का निर्माण नियमों की अनदेखी कर किया गया है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि 1 किमी0 टनल का निर्माण वन विभाग के समझौते के अनुसार किया गया हैं?

श्री गगन सिंह रजवार 05.08.2011 — लोक निर्माण

**71.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ केविधान सभा क्षेत्र धारचूला के रॉथी–जुम्मा–खेला–खेत तक मोटर मार्ग निर्माण के लिए प्रथम चरण की स्वीकृत शासनादेश संख्या 5519 दिनांक 15 अक्टूबर, 2010 द्वारा वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री गणेश जोशी 05.08.2011 — वित्त

**72.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि मसूरी शहर को नैनीताल के समान बी–2 श्रेणी में शामिल किये जाने हेतु कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है? क्या यह सत्य है कि शासन द्वारा मसूरी में कार्यरत कर्मियों की विभागवार, श्रेणीवार सूची के साथ शहर क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण सभी विभागों द्वारा प्रस्तुत किया जा चुका है? यदि हां, तो मसूरी शहर को बी–2 श्रेणी में शामिल किये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री केदार सिंह रावत 05.08.2011 — शिक्षा

**73.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़, दिवारीखोल में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय पूर्ववर्ती सरकार के समय में स्वीकृत था? क्या यह सत्य है कि उक्त विद्यालय वर्तमान में श्यामा प्रसाद मुखर्जी नवोदय विद्यालय के नाम से संचालित किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या उक्त विद्यालय हेतु भवन निर्माण व स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों?

श्री केदार सिंह रावत 05.08.2011 — ऊर्जा

**74.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जल विद्युत निगम द्वारा संचालित अथवा निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने की कोई नीति सरकार द्वारा बनाई गई है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री गगन सिंह रजवार 09.08.2011 — ऊर्जा

**75.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के कितने ग्रामों तथा तोकों में लो–वोल्टेज की समस्या है? क्या वर्ष 2011 में विधान सभा क्षेत्र धारचूला में लो वोल्टेज की समस्या का निदान कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री गगन सिंह रजवार 09.08.2011 — लोक निर्माण

**76.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड मुनस्यारी में सेराघाट से बौना व कैठी बैण्ड से बसन्तकोट उच्छैती मोटर मार्ग का निर्माण टी0एस0पी0 योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कर दिया गया है? यदि हां, तो विभाग को कब तक धनराशि अवमुक्त कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री गगन सिंह रजवार<br>09.08.2011 | **77.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड मुनस्यारी के अन्तर्गत सेराघाट आलम दारमा पैदल मार्ग में झूला पुल स्वीकृत किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक नि |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>09.08.2011 | **78.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में कुल कितनी लघु विद्युत परियोजनाओं द्वारा बिजली का उत्पादन किया जा रहा है तथा कितने ग्रामसभा इससे लाभान्वित हो पा रहे है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान में कितनी परियोजनायें बन्द है तथा उनके बन्द होने के क्या कारण है? सरकार कब तक इन योजनाओं का पुनर्निर्माण कर बिजली उत्पादन प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>09.08.2011 | **79.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा संख्या 116/2011 दिनांक 06.02.2011 के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल में एम0ए0 ड्राईंग व एम0एस0सी0 बायोटेक कक्षायें संचालित किए जाने की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो इस पर अब तक कोई कार्यवाही की गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>10.08.2011 | **80.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत विगत ढाई वर्षों में किन–किन मोटर मार्गों का कितने–कितने किमी0 डामरीकरण किया गया है और डामरीकरण के लिए अवशेष मोटर मार्गों का विवरण क्या है तथा कब तक इन अवशेष मोटर मार्गों का डामरीकरण किया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>10.08.2011 | **81.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत है कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विकास खण्ड धारचूला के ग्राम खेत में उची ढुग्गा, जम्कु, दुक्कु, गगुर्वा, नेटा, धूरा, खेला, सिंसिना, स्यॉकुरी, ऐला, जुम्मा, जामुनी, नाग, पालपला, खातपोली, रैजानी, नालपानी, कूला, रौडा, लालीगाडा, रॉथी, धनढुॅगा, खौरी, जाराजिबली, बदानी, मेंतली, खेतीखान, ढुलीगैर देवलेक, भटभटा, वुडीगैर, ग्राम सभा पांगला विकास खण्ड मुनस्यारी में ग्राम सभा माणी धामी, बसानी, गणकोट, आलम, दारमा आदि तोकों में विद्युतीकरण नही हुआ है? क्या सरकार उक्त ग्राम सभा के तोको में विद्युतीकरण करेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>10.08.2011 | **82.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड धारचूला के ग्राम सभा जाराजिबली, मेतली, कनार में लगभग 3–4 वर्ष पूर्व विभाग द्वारा विद्युतीकरण हेतु विद्युत पोल तथा तार लगा दिये गये थे?क्या यह सत्य है कि उक्त ग्राम के आस–पास समस्त ग्राम कई वर्ष पूर्व विद्युतीकृत हो चुके है? यदि हां, तो उक्त ग्राम को विद्युत कनेक्शन न दिये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार इस विलम्ब के लिए दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद कार्यवाही करेगी तथा उक्त ग्राम को कब तक विद्युतीकृत कर दिया जायेगा? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गगन सिंह रजवार 11.08.2011 | **83.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विकास खण्ड धारचूला, मुनस्यारी के अन्तर्गत कौन–कौन से स्वीकृत मोटर मार्ग है जिन पर अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किन कारणों से मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अपूर्ण स्थिति में है? क्या उक्त मोटर मार्गों की स्वीकृति धनराशि का तथा कार्य प्रारम्भ न किए जाने, निर्माण कार्य को अपूर्ण स्थिति में बन्द किए जाने के कारणों सहित, विवरण सदन के पटल पर रखेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गगन सिंह रजवार 11.08.2011 | **84.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड धारचूला, मुनस्यारी के राजकीय महाविद्यालयों हेतु भूमि चयन की कार्यवाही विचाराधीन है? यदि हां, तो राजकीय महाविद्यालय मुनस्यारी के भवन निर्माण हेतु भूमि के हस्तानान्तरण की कार्यवाही कब तक अमल में लाई जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी 11.08.2011 | **85.** क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत राजपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत चिडोंवाली स्थित भूमि को कई वर्षो से खेल मैदान के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री गणेश जोशी 11.08.2011 | **86.** क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत राजपुर के केन्द्रीय कर्मचारी सहकारी आवास समिति द्वारा स्थापित राजेश्वरनगर फेज प्रथम कॉलोनी के विकास कार्य विधायक निधि, नगर निगम एवं केन्द्रीय कर्मचारी सहकारी आवास समिति के माध्यम से कराये गये है? यदि हां, तो क्या सरकार राजेश्वरनगर फेज–प्रथम में विकास शुल्क संशोधन वर्ष 1987 के मानक के आधार पर किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो क्या सरकार तलपट मानचित्र में चिन्हित् 08 अगस्त, 2004 से पूर्व निर्मित भवनों पर किसी प्रकार का अन्य शुल्क न लगाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री गगन सिंह रजवार 16.08.2011 | **87.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत स्वीकृत मोटर मार्गों में वर्ष 2007–08–09–10–11 में लोक निर्माण विभाग द्वारा कुल कितनी सड़कों के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव केन्द्र सरकार को प्रेषित किये गये तथा कितने प्रकरणों पर स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी 16.08.2011 | **88.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिल्ला में हाई स्कूल बुरांशखण्डा को उच्चीकृत किये जाने का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है? क्या यह सत्य हैं कि उक्त क्षेत्र अनुसूचित जाति बाहुल्य हैं तथा बच्चों के लिए उच्च शिक्षा हेतु 20 किमी0 की परिधि में कोई भी इण्टर कॉलेज नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम पंचायत सिल्ला में हाई स्कूल बुरांशखण्डा को उच्चीकृत करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्रीमती अमृता रावत 28.07.2011 | **89.** विधान सभा के प्रथम सत्र, 2010 के द्वितीय शुक्रवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के सन्दर्भ में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में असहायतित मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों को अनुदान सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु नीति विषयक गतिमान कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा कब तक नीति निर्धारण किया जायेगा? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>30.08.2011 | **90.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कपकोट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एक मात्र राजकीय महाविद्यालय कपकोट के भवन निर्माण व प्रवक्ताओं की नियुक्ति तथा बी0एस0सी0 की कक्षाओं के संचालन के स्वीकृति की क्या प्रगति है? | उच्च शि |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>13.07.2011 | **91.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश के होटलों में ठहरने वाले आगन्तुकों से वर्तमान में 1000/- रूपये, प्रति कक्ष किराये पर ली जा रही लक्जरी टैक्स की सीमा को बढ़ाकर 5,000/- रूपये प्रति कक्ष किराये पर अधिरोपित किये जाने पर विचार करेगी? क्या सरकार लक्जरी टैक्स की वसूली वाणिज्य कर विभाग से पर्यटन विभाग को सौंपने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>07.09.2011 | **92.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैण में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्थानीय निवासियों द्वारा अपेक्षित भूमि दान स्वरूप दी गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त महाविद्यालय की स्थापना हेतु धन आवंटन किया जा चुका है? क्या यह सत्य है कि भिक्यासैण में राजकीय महाविद्यालय का भवन न होने के कारण बी0एड0 की कक्षायें संचालित नहीं हो पा रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी भिक्यासैण में महाविद्यालय की स्थापना हेतु अविलम्ब धन की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>07.09.2011 | **93.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सुबोली बैण्ड तोलबुधानी, भिक्यासैण मरचूला, वल्मरा गैरखेत, सराईखेत, पत्थखोला महर गांव मोटर मार्ग एवं देघाट लालनगरी, देघाट चम्याणी नारायण मन्दिर के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या हैं तथा कब तक उक्त सड़कों का निर्माण कार्य आरम्भ हो जायेगा? क्या सरकार शीघ्र उक्त सड़कों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कुलदीप कुमार<br>07.09.2011 | **94.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान समय में प्रदेश में कुल कितनी मेगावाट विद्युत का उत्पादन हो रहा है तथा कुल कितनी खपत है? यदि खपत उत्पादन से अधिक है, तो कब तक उत्पादन खपत से अधिक हो जायेगा? | ऊर्जा |
| श्री मयूख महर<br>08.09.2011 | **95.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007 से अब तक मा0 मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ का कितनी बार भ्रमण किया गया है और भ्रमण के दौरान उनके द्वारा क्या-क्या घोषणायें की गयी थी व उनमें कितनी घोषणाओं में कार्य प्रारम्भ हुआ है व कितनी घोषणायें लम्बित है? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.09.2011 | **96.** विधान सभा के प्रथम सत्र, 2011 के प्रथम सोमवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या- 62 के सन्दर्भ में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने के सम्बन्ध में लोक सेवा आयोग तथा प्राविधिक शिक्षा परिषद् रूड़की द्वारा अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक आयोग तथा परिषद् द्वारा रिक्त पदों पर चयन किया जायेगा? | लोक निर्माण |

## 'नत्थी ख'

**कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 30 अक्टूबर, 2011 की बैठक में दिनांक: 31 अक्टूबर, 2011 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–**

**अक्टूबर, 2011**

31 सोमवार

(1) औपचारिक कार्य।

(2) विधायी कार्य।

**नियम 105 के अन्तर्गत प्रस्ताव :-**

1. डा0 हरक सिंह रावत, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा :-

"यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के सीमावर्ती जनपद बिजनौर के 61 ग्राम पंचायतों को उत्तराखण्ड राज्य में शामिल किया जाय।"

2. श्री जोत सिंह गुनसोला, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2011 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा :-

"इस सदन का सुविचारित मत है कि संविधान 74 वां संशोधन की मूल भावना के अनुरूप राज्य में नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं नगर निगम में लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन हेतु इन निकायों में विभिन्न संवैधानिक पदों पर निर्धारित प्रक्रियानुसार पदाधिकारियों के निर्वाचन की व्यवस्था करने हेतु सरकार तत्काल कदम उठाये ताकि विकासात्मक कार्यो को जनाकांक्षाओं के अनुरूप समय पर पूर्ण किया जा सके।"

3. काजी निजामुद्दीन, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2011 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में आम आदमी को मंहगाई की मार से राहत देने हेतु डीजल व पैट्रोल पर वैट को घटाया जाये।"